# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in

## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

दिनांक- 22.07.2026

***📱 भदोही पुलिस की बड़ी उपलब्धि: 107 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद, लगभग ₹19.26 लाख (उन्नीस लाख छब्बीस हजार रुपये ) के मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाकर लौटाई मुस्कान***

**पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिनव त्यागी के कुशल निर्देशन में जनपद में गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत भदोही पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए 107 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत ₹19,26,000 (उन्नीस लाख छब्बीस हजार रुपये) है। सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सकुशल वापस सौंपे गए।**

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल, जनसुनवाई एवं डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं तकनीकी कार्रवाई की गई। प्रत्येक शिकायत में मोबाइल के IMEI नंबर का विश्लेषण, ट्रेसबिलिटी, सिम विवरण एवं लोकेशन का सूक्ष्म परीक्षण कर निरंतर फॉलो-अप किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में गुमशुदा मोबाइल बरामद किए गए ।आज दिनांक 22 जुलाई 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, ज्ञानपुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल द्वारा बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। खोए मोबाइल वापस मिलने पर कई लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित नागरिकों ने भदोही पुलिस की कार्यशैली, तत्परता एवं तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही एवं पूरी पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**थानावार बरामद मोबाइल**

ज्ञानपुर – 24
गोपीगंज – 16
कोईरौना – 07
भदोही – 13
चौरी – 08
औराई – 15
ऊँज – 04
सुरियावां – 17
दुर्गागंज – 03 (कुल बरामद मोबाइल – 107)

📢 CEIR पोर्टल: आपकी सुरक्षा, आपकी सुविधा
कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल ने आमजन को CEIR पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल गुम अथवा चोरी होने पर तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मोबाइल को ब्लॉक कराया जा सकता है, जिससे उसका दुरुपयोग रोका जा सके। उन्होंने नागरिकों से साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने तथा अपने परिवार एवं परिचितों को भी जागरूक करने की अपील की।
मोबाइल गुम होने पर क्या करें?

✔️ CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

✔️ IMEI नंबर एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।

✔️ प्राप्त Request ID से शिकायत की स्थिति ट्रैक करें।

✔️ मोबाइल बरामद होने पर पुलिस द्वारा आपको सूचित किया जाएगा।
"भदोही पुलिस केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि आमजन की हर महत्वपूर्ण वस्तु और विश्वास की भी संरक्षक है।"
107 मोबाइल फोन की बरामदगी केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि नागरिकों के विश्वास को लौटाने का प्रयास है। यह सफलता भदोही पुलिस की तकनीकी दक्षता, सक्रिय कार्यशैली और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
#भदोही_पुलिस
#CEIR
#जनसेवा_सर्वोपरि